- चार वर्षीय ऑनर डीग्री प्रोग्राम की पाठ्यसंचालन के अनुरूप सत्र 2025-26 में 30 विषयों में अनुमोदित हुए हैं।
- संगीत एकेडमी का नाम स्वामी हरिदास नाट्य एवं संगीत अकादमी होगा। विश्वास की नियुक्ति होगा संकायिक व कुलपति की संस्तुति से होगी।
- डिप्लोमेट आफ डिलिनिकल साइकोलोजी द्वारा संचालित कार्यक्रम एवम् (डिप्लोमेट्स साइकोलोजी) व बीएससी (डिप्लोमेट्स साइकोलोजी) से संबंधित अध्यादेश, दिशा-निर्देश तथा पाठ्यक्रम से संबंधित लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन का आदेश।
- 14 विषयों के त्रिवर्षीय ऑनर्स यूजी (स्नातक) कार्यक्रम व एक विषय स्नातक कार्यक्रमों हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन करने को मंजूरी दी गई।
- रीसर्च सत्र 2025-26 से लेटरल, पूर्व, उन्नत एवं पाठ्यक्रम से राजकीय महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के पूर्वत महाविद्यालय) में शिक्षण एवं कार्य अनुभव अपूर्ण होना, अनिवार्य उनकी ऐसोसिएट संस्थानमय की डिग्री के संचालन आदेश दिया गया।



एमओयू कार्यक्रम में मौजूद कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक (बाएं से तीसरे), प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अग्रवाल (बाएं से दूसरे), कुलसचिव राकेश कुमार (दाएं से दूसरे) व अन्य गणमान्य। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारी व होटल प्रबंधन के सदस्य • हीलोकेजर्स

हास्पिटेलिटी क्षेत्र और होटल इंडस्ट्री की मांग के अनुसार हुनर निखार सकेंगे युवा

जागरण संवाददाता, कानपुर : छात्रों करियर बनाने वाले विद्यार्थियों के को बड़े होटलों में कार्य करने का लिए यह समझौता अहम होगा। अनुभव व अवसर दिलाने के लिए इसके माध्यम से वे होटल इंडस्ट्री सीएसजेएमयू में स्कूल आफ की वास्तविक कार्यशैली, मानकों होटल मैनेजमेंट और केटरिंग और आवश्यकताओं से परिचित टेक्नालजी (एसएचटीटी) ने हो सकेंगे। यहां सीएसजेएमयू पांच सितारा होटल ग्रैंड मुगल के साथ कुलपाल को एमओयू किया गया। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, इसके तहत छात्रों को न केवल प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार बड़े होटलों में काम करने का अग्रवाल, कुलसचिव राकेश कुमार, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, डीन अकादमिक प्रो. क्रिष्टी मिश्रा बल्कि उनको ऐसोसिट संस्थानमय और कौशल विकास, होटल मुगल से की डिग्री के संचालन आदेश जीएम भागवती पंत, ट्रेनिंग मैनेजर मिला। हास्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में राफिया अखिल मौजूद रहीं।

पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी की सुरक्षा पर उठाए सवाल

ई-वोटिंग और ब्लॉकचेन जैसी सिस्टम की प्राइवेसी को लेकर कंसर्न



डॉ. नमिता तिवारी ने की है रिसर्च.

kanpur@inext.co.in

KANPUR (10 Jan): डिजिटल दौर में आम आदमी का भरोसा अब कागज से ज्यादा कोड और पासवर्ड पर टिका है. मोबाइल से बैंकिंग, ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल पेमेंट या फिर सोशल मीडिया पोस्ट. हर जगह हम यह मानकर चलते हैं कि हमारी पहचान और जानकारी पूरी तरह सुरक्षित है. लेकिन क्या सच में ऐसा है? क्वांटम कंप्यूटर्स के आने के साथ ही साइबर सुरक्षा की दुनिया में बड़ा बदलाव तय माना जा रहा है. इसी बदलाव के बीच पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी को आम लोगों की डिजिटल ढाल के रूप में देखा जा रहा था. लेकिन सीएसजेएम निवर्सिटी की रिसर्च ने इस भरोसे को झकझोर दिया है. यूनिवर्सिटी की डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नमिता तिवारी की रिसर्च ने पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं.

इंटरनेशनल जर्नल में छपेगी

डॉ. नमिता की को-आथर्स के साथ की गई महत्वपूर्ण रिसर्च को इंटरनेशनल जर्नल साधना एकेडमी प्रोसीडिंग्स इन इंजीनियरिंग साइंसेज में पब्लिश होने के लिए सिलेक्ट हुई है. रिसर्च फ्यूचर की डिजिटल सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जा रहे पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी क्षेत्र से जुड़ी है. रिसर्च में उन क्रिप्टोग्राफिक तकनीकों का एनालिसिस किया गया है. जिन्हें क्वांटम कंप्यूटर्स के युग में भी सुरक्षित माना जा रहा था. खास तौर पर इस स्टडी का मेन फोकस लिंकेबल रिंग सिग्नेचर स्कीम्स रही हैं, जिनका उपयोग ई-वोटिंग सिस्टम, ई-कैश, ब्लॉकचेन तकनीक और सुरक्षित डिजिटल वेरिफिकेशन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में किया जाता है. इन तकनीकों का मुख्य उद्देश्य यूजर की पहचान को पूरी तरह प्राइवेट रखना होता है. हालांकि, रिसर्च का रिजल्ट चौंकाने वाले हैं. इस स्टडी में यह सामने आया है कि कुछ पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफिक स्कीम्स यूजर्स की पहचान को छिपाकर रखने में पूरी तरह से विफल हैं.

प्रिंट मीडिया की बारीकियों को सिखाएंगे एक्सपर्ट

कल से सीएसजेएमयू में शुरू होगी 6 दिन की स्पेशल वर्कशॉप

kanpur@inext.co.in

KANPUR (10 Jan): सीएसजेए यूनिवर्सिटी के जर्नलिज्म एंड मा कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट में 1 जनवरी से प्रिंट मीडिया पर छह दि की वर्कशॉप आयोजित की जाएगी वर्कशॉप में डेली अलग अलग विष के बारे में स्टूडेंट्स को बताया जाए और फील्ड के एक्सपर्ट्स प्रिंट मीडि की बारीकियां सिखाएंगे. वर्कशॉप क आयोजन दीनदयाल आडिटोरियम सुबह दस बजे से शाम 4.30 ब तक होगा.

हर दिन होंगे दो सेशन

हर दिन दो सेशन आयोजित होंगे जिस पहला सेशन प्रैक्टिकल का होगा. दूस सेशन में एक्सपर्ट्स थ्योरी समझाएंगे जिसमें न्यूज की समझ, संपादन, फैक चेक, उपसंपादक की भूमिका, बी रिपोर्टर की भूमिका, प्रिंट मीडिया फोटो की भूमिका और प्रभाव, प्रेस रिलीज से खबर बनाना, इंटरव लेने की कला, प्रूफरीडिंग, आकर्षक हेडलाइन कैसे बनाए, न्यूज पेपर क डिजाइनिंग, प्रिंट मीडिया का भविष्य टूल्स की जानकारी इत्यादि शामिल है

प्री पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा से वंचित छात्रों को मिलेगा मौका

माई सिटी रिपोर्टर

रेमेडियल क्लास लगाकर पूरी कराई जाएगी उपस्थिति, इसके बाद होगी परीक्षा

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विवि में प्री पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा देने से वंचित छात्रों को एक बार फिर मौका मिलेगा। विवि ने छूटे अभ्यर्थियों की रेमेडियल क्लासेज लगाकर उपस्थिति को पूरा और परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। जल्द इन शोधार्थियों के लिए विशेष परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

सीएसजेएमयू में सत्र 2024-25 की प्री पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं के बाद 14 से 17 जुलाई के बीच परीक्षा कराई जा रही है। यूजीसी और विवि के नियमों के अनुसार पीएचडी कोर्स वर्क में सभी शोधार्थियों की न्यूनतम 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

परीक्षा के पहले दिन 14 जुलाई को 75 फीसदी उपस्थिति पूरी नहीं करने वाले 63 शोधार्थियों को इसमें सम्मिलित होने से रोक दिया गया। इसके लिए 12 जुलाई को इन शोधार्थियों को नोटिस भी जारी किया गया।

विवि के इस कदम से नाराज शोधार्थियों ने हंगामा किया था। तब कुलपति ने समिति बनाकर छात्रहित में फैसला लेने का आश्वासन दिया था। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि समिति ने रिपोर्ट में शोधार्थियों की रेमेडियल क्लास लगाकर उपस्थिति पूरी कराने और फिर परीक्षा कराने की संस्तुति की है। जल्द विशेष परीक्षा कार्यक्रम जारी होग

सीएसजेएमयू में 2 लाख का विशेष शोध अनुदान युवा एवं सक्रिय संकाय सदस्य को मिलेगा लाभ

कानपुर, 13 अगस्त। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) ने उच्च गुणवत्ता वाले शोध को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष शोध अनुदान नीति की घोषणा की है। यह नीति 5 सितम्बर 2025 से लागू होगी और इसके तहत 45 वर्ष से कम आयु के पात्र संकाय सदस्यों को 2 लाख का अनुदान दिया जाएगा, जो उनके स्कोपस इंडेक्सड शोध कार्य के आधार पर होगा। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने अकादमिक परिषद की बैठक में यह घोषणा की। कुलपति ने कहाकि यह पहल हमारे विश्वविद्यालय में एक सशक्त शोध संस्कृति विकसित करने, उत्कृष्ट कार्य को सम्मान देने और हमारे संकाय के योगदान को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अनुदान स्वतः प्रदान किया जाएगा। किसी आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। बशर्ते संकाय सदस्य ने पिछले शैक्षणिक वर्ष में कम से कम तीन शोध पत्र इंडेक्सड जर्नल में प्रकाशित किए हों, जिनमें से कम से कम एक में प्रथम या पत्राचार लेखक हों। पात्रता के लिए संकाय सक्रिय शोध कार्य में संलग्न होना चाहिए और उस पर कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं चल रही हो। नीति के तहत कड़े मानक निर्धारित किए गए हैं। किसी भी क्लोन, प्रीडेटरी या फर्जी जर्नल में प्रकाशित शोध या नैतिक उल्लंघन के कारण वापस लिए गए शोध पत्र पर तीन वर्षों तक पात्रता समाप्त हो जाएगी। कुलपति की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति विज्ञान, समाज विज्ञान, भारतीय भाषाओं तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन के विभिन्न संकाय क्षेत्रों से चयन करेगी। अनुदान की राशि केवल शोध प्रयोजनों के लिए होगी और इसे 12 माह के भीतर व्यय करना होगा।

शोध प्रकाशनों की व्यावहारिकता को समझाया

कानपुर: सीएसजेएमयू की सेंट्रल लाइब्रेरी व रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की ओर से सोमवार को ओपन एक्सेस पब्लिशिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आइआइटी दिल्ली के डा. मोहित गर्ग ने इस मौके पर शोध प्रकाशनों के व्यावहारिक पक्ष के बारे में जानकारी दी। बताया कि यूनेस्को की ने ओपन साइंस के मूल्यों और सिद्धांतों को अपना हिस्सा बनाया है। वि.

बदल रहे संयुक्त परिवारों पर शोध

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग के डॉ. मानस उपाध्याय के प्रस्तावित शोध परियोजना को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. मानस को बधाई दी।

डॉ. मानस ने बताया कि उनकी शोध परियोजना 'आधुनिकता और संयुक्त परिवारों का रूपांतरण: बदलती भूमिकाएं एवं दायित्व' शीर्षक से स्वीकृत हुआ है। जो भारतीय संयुक्त परिवार प्रणाली पर आधुनिकता के प्रभाव, पारंपरिक पारिवारिक संरचना में हो रहे परिवर्तनों व पारिवारिक सदस्यों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में आए बदलावों का गहन समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत करेगी। शोध के लिए 15 लाख दस हजार का बजट मिलेगा।

हिन्दुस्तान

एआई व टेक्नोलॉजी में दक्षता जरूरी

- शोध पत्रिका 'यति जर्नल' के कवर पेज के विमोचन में बोले कुलपति
- नीतू सिंह ने कहा, अनेक विषयों में शोध पत्रों का हो सकेगा प्रकाशन



सीएसजेएमयू में शनिवार को शोध पत्रिका 'यति जर्नल' का विमोचन किया गया।

कानपुर, संवाददाता। शोध कार्यों से समाज को एक नया दृष्टिकोण मिलता है। शोध के लिए टेक्नोलॉजी और एआई में पारंगत होना जरूरी है। यह बात छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने शनिवार को शोध पत्रिका 'यति जर्नल' के विमोचन समारोह में कही। आयोजन सीएसजेएमयू के सेंटर फॉर एकेडमिक्स में किया गया था। समारोह में कुलपति ने कहा कि समाज के सतत विकास और प्रासंगिक बने रहने के लिए शोध कार्य करना आवश्यक होता है। शोध करने से समस्याएं और उनके निवारण का साधन मिलता है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि ये एआई में दक्ष बनें जो शोध के लिए वर्तमान में आवश्यक है। इससे पहले सीएसएसडी कॉलेज प्रबंधन की ओर से तैयार स्वर्गीय यतींद्रजीत सिंह के जन्मदिन पर शोध पत्रिका (जर्नल), यति: द जर्नल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी थॉट एंड इनिशिएटिव के कवर पेज का कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक और सीए नीतू सिंह ने विमोचन किया। नीतू सिंह ने कहा कि इसमें सभी विषयों के शोध पत्र प्रकाशित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जर्नल में मानविकी, समाज विज्ञान, विज्ञान और तकनीक, विधि अध्ययन, शिक्षा एवं पर्यावरण अध्ययन आदि विषय के शोध पत्र प्रकाशित होंगे। उनके मुताबिक यति जर्नल शहर में शोध कार्य को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। सीएसएसडी की उप प्राचार्या प्रो. नीरू टंडन इसकी कार्यकारी संपादक और प्रो. आनंद शुक्ल मुख्य संपादक बनाए गए हैं।

शिक्षक दिवस पर प्रकाशित की जाएगी: प्रो. नीरू टंडन ने बताया कि वार्षिक शोध पत्रिका यति जर्नल शिक्षक दिवस पर प्रकाशित की जाएगी। इसके प्रथम अंक में 12 से 14 शोध पत्र प्रकाशित होंगे। संपादन मंडल शोध पत्रों का पीयर रिव्यू कर उसमें प्लैगरिज्म आदि की जांच करेगा। कवर पेज के साथ यति जर्नल के थ्रॉशर का भी विमोचन किया गया। प्रति कुलपति प्रो. सुधीर अवस्थी, रजिस्ट्रार राकेश कुमार, प्रो. सुधांशु पाण्डया, प्रो. वृष्टि मिश्रा, डॉ. नमिता तिवारी, डॉ. अंशु सिंह, प्राचार्य प्रो. विपिन चंद्र कौशिक, प्रो. मनोज अवस्थी, प्रो. प्रमोद सिंह डोवाल, प्रो. आरके पांडेय, प्रो इंद्रमणि, प्रो. मंजरी श्रीवास्तव, डॉ. अंशु सिंह सेंगर, प्रबंधक आदित्य शंकर बाजपेई, नंदिता सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएसजेएमयू में 2 लाख का विशेष शोध अनुदान

युवा एवं सक्रिय संकाय सदस्य को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) ने उच्च गुणवत्ता वाले शोध को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष शोध अनुदान नीति की घोषणा की है। यह नीति 5 सितम्बर 2025 से लागू होगी। इसके तहत 45 वर्ष से कम आयु के पात्र संकाय सदस्यों को 2 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा जो उनके स्कोपस इंडेक्स्ड शोध कार्य के आधार पर होगा। विश्वविद्यालय की ओर से यह घोषणा अकादमिक परिषद की बैठक के दौरान कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की।

इस दौरान प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह पहल हमारे विश्वविद्यालय में एक सशक्त शोध संस्कृति विकसित करने, उत्कृष्ट कार्य को सम्मान देने और हमारे संकाय के योगदान को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अनुदान खुद प्रदान किया जाएगा। इसके लिए छात्र को किसी भी आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। बशर्ते संकाय सदस्य ने पिछले शैक्षणिक वर्ष में कम से कम तीन शोध पत्र इंडेक्स्ड जर्नल में प्रकाशित किए हों। जिनमें से कम से कम एक में प्रथम या पत्राचार लेखक हो।

पात्रता के लिए संकाय सक्रिय शोध कार्य में संलग्न होना चाहिए और उस पर कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं चल रही हो। नीति के तहत कड़े मानक निर्धारित किए गए हैं। इनमें किसी भी क्लोन, प्रीडेटरी या फर्जी जर्नल में प्रकाशित शोध या नैतिक उल्लंघन के कारण वापस लिए गए शोध पत्र पर तीन वर्षों तक पात्रता समाप्त हो जाएगी। कुलपति की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग समिति विज्ञान, समाज विज्ञान, भारतीय भाषाओं तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन के विभिन्न संकाय क्षेत्रों से चयन करेगी। अनुदान की राशि केवल शोध प्रयोजनों के लिए होगी और इसे 12 माह के भीतर व्यय करना होगा।

विद्या परिषद की बैठक में ये महत्वपूर्ण निर्णय भी

- एएचईपूरी की पाठ्यसंरचना के अनुरूप सत्र 2025-26 से 30 विषयों में अनुमोदन हुआ है।
- म्यूजिक एकेडमी का नाम स्वामी हरिदास नाट्य एवं संगीत अकादमी होगा। एवं निदेशक की नियुक्ति तीन अकादमिक एवं कुलपति के संस्तुति से होगी।
- विश्वविद्यालय परिसर के डिपार्टमेंट ऑफ (विनिनिकल साइकोलॉजी) द्वारा संचालित आरसीआई (आरसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रमों एमए (विनिनिकल साइकोलॉजी) तथा बीएससी (विनिनिकल साइकोलॉजी) से संबंधित अध्यादेश, दिशा-निर्देश तथा पाठ्यक्रम से संबंधित लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन का आदेश दिया गया।
- 14 विषयों के त्रिवर्षीय ऑनर्स यूजी (स्नातक) कार्यक्रम तथा सिंगल सब्जेक्ट यूजी (एकल विषय स्नातक) कार्यक्रमों के लिए निर्मित पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन का आदेश दिया गया।
- शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लोटना, पूर्व, उन्नाव एवं घाटमपुर के राजकीय महाविद्यालय (विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालय) में विज्ञान एवं कला संकाय में क्रमशः 4 एवं 5 विषयों के स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओं का संचालन आदेशित किया गया।
- विश्वविद्यालय परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए तीन क्रेडिट के 2 व्यावसायिक पाठ्यक्रम, एआई फॉर आर्ट्स और पाइथॉनियल लिट्रेसी फॉर आर्ट्स के लिए आदेश।

प्रत्येक शोधार्थियों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 16 जुलाई। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की ओर से सत्र 2024-25 की पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं का विधिवत एवं शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा किए जाने के पश्चात पीएचडी कोर्स वर्क की सत्रांत परीक्षाएं 14 से 17 जुलाई तक संपन्न करायी जा रही हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार, पीएचडी कोर्स वर्क के लिए प्रत्येक शोधार्थी को न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। निर्धारित मानदंडों के तहत, विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित सत्रांत परीक्षा में कुछ शोधार्थियों को अल्प उपस्थिति के कारण परीक्षा से वंचित कर दिया गया था। परीक्षा से वंचित समस्त शोधार्थियों ने कोर्स वर्क के परीक्षा के दिन प्राप्त प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए विवि के कुलपति ने समिति गठित की। छात्र हित में शोधार्थियों को रेमेडियल क्लास आयोजित कराकर पुनः परीक्षा कराए जाने की संस्तुति की गई। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि निरंतर संवाद, मार्गदर्शन एवं सहभागिता ही उत्कृष्ट शोध का आधार होती है।

हिन्दु

63 शोधार्थी दोबारा परीक्षा दे सकेंगे

कानपुर। सीएसजेएमयू में 75 फीसदी से कम उपस्थिति होने पर परीक्षा से वंचित किए गए 63 शोधार्थियों को दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। विवि के कुलपति के निर्देश पर बनी समिति के छात्रहित में लिए गए फैसले के तहत इन छात्रों की रेमेडियल क्लास के माध्यम से कम उपस्थिति को पूरा किया जाएगा। इसके बाद जल्द इन शोधार्थियों के लिए विशेष परीक्षा कार्यक्रम जारी होगा।

विवि कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि समिति ने छात्र हित में मानक के अनुरूप योग्य पाए गए शोधार्थियों को रेमेडियल क्लास आयोजित कराकर दोबारा परीक्षा कराए जाने की संस्तुति की है। उन्होंने कहा कि शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है।

[redacted]

🌟 A Milestone Moment for the Indian Academic Community! 🇮🇳📚

The Government of India has launched the Article Processing Charge (APC) Guidelines – Version 1 under the One Nation One Subscription (**#ONOS**) initiative – a visionary leap toward making open-access publishing more equitable and accessible for every Indian scholar.

- **#APCs** for top-tier Open Access journals will now be centrally funded through **#ONOS**.
- Eligible journals are those ranked within the top 1% globally, as per CiteScore, SNIP, or SJR (**Elsevier | Scopus** indicators).
- Authors affiliated with Indian institutions, universities, IITs, research labs, etc. can avail this benefit.
- A central **#APC** fund (~₹150 crore) will manage and reimburse publication charges for approved journals.

This marks a transformative milestone – enabling Indian researchers to publish in the world's best journals without financial barriers, thereby democratizing knowledge and strengthening India's global research footprint.

आईसीएसएसआर ने विवि के डॉ. मानस की मेजर रिसर्च को दी स्वीकृति

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग के डॉ. मानस उपाध्याय की प्रस्तावित शोध परियोजना को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के लिए 15.10 लाख रुपये का बजट मंजूर किया गया है और इसकी अवधि 24 माह निर्धारित की गई है। डॉ. मानस ने बताया कि उनकी शोध परियोजना आधुनिकता और संयुक्त परिवारों का रूपांतरण : बदलती भूमिकाएं एवं दायित्व शीर्षक से स्वीकृत हुई है। यह भारतीय संयुक्त परिवार प्रणाली पर आधुनिकता के प्रभाव, पारंपरिक पारिवारिक संरचना में हो रहे परिवर्तनों तथा पारिवारिक सदस्यों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में आए बदलावों का गहन समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत करेगी। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने इस उपलब्धि के लिए डॉ. मानस को बधाई दी। (ब्यूरो)

शोध पत्रों के प्रकाशन के लिए विशेष समिति गठित

कानपुर। शोध प्रकाशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज विवि के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ ने विशेष समिति का गठन किया है। विश्वविद्यालय से जुड़े वाह्य शिक्षकों की यह समिति भाषा, कला, चित्रकला, ड्रॉइंग-पेंटिंग तथा अन्य मानविकी विषयों में शोधार्थियों के सामने शोध पत्र प्रकाशन में आ रही विभिन्न प्रकार की चुनौतियां एवं व्यावहारिक परेशानियों को दूर करेगी। यह जानकारी शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की अधिष्ठाता डॉ. नमिता तिवारी ने दी। (ब्यूरो)

मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट को दी स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



स्वीकृति पत्र प्रदान करते सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक।

अमृत विचार। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग के सहायक आचार्य, डॉ मानस उपाध्याय द्वारा प्रस्तावित शोध परियोजना को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। उनकी शोध परियोजना 'आधुनिकता और संयुक्त परिवारों का रूपांतरण : बदलती भूमिकाएँ एवं दायित्व' शीर्षक से स्वीकृत हुई है। जो भारतीय संयुक्त परिवार प्रणाली पर आधुनिकता के प्रभाव, पारंपरिक पारिवारिक संरचना में हो रहे परिवर्तनों तथा पारिवारिक सदस्यों की भूमिकाओं और बदलावों का गहन समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत करेगी।

इस शोध परियोजना के लिए पंद्रह लाख दस हजार रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। परियोजना की स्वीकृत अवधि 24 महीने है। यह अध्ययन विशेष रूप से यह विश्लेषण करेगा कि शहरीकरण, औद्योगीकरण, शिक्षा के विस्तार, रोजगार के बदलते स्वरूप तथा आधुनिक जीवनशैली ने संयुक्त परिवारों की संरचना, पारिवारिक संबंधों और निर्णय प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावित किया है। भारतीय समाज में परिवार संस्था के समकालीन स्वरूप को समझना इस शोध परियोजना की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। डॉ मानस उपाध्याय ने बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद से पोस्ट डॉक्टरल की उपाधि प्राप्त की है। उनके 25 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक न्याय, नई शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परंपरा, वैश्वीकरण से जुड़े विषयों पर पुस्तकों का लेखन किया है।

आईसीएसएसआर ने सीएसजेएमयू के डॉ. मानस उपाध्याय की मेजर रिसर्च परियोजना को दी स्वीकृति

कानपुर, 21 दिसम्बर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग के सहायक आचार्य, डॉ0 मानस उपाध्याय की प्रस्तावित शोध परियोजना को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) ने मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। उनकी शोध परियोजना 'आधुनिकता और संयुक्त परिवारों का रूपांतरण = बदलती भूमिकाएँ एवं दायित्व' शीर्षक से स्वीकृत हुई है, जो भारतीय संयुक्त परिवार प्रणाली पर आधुनिकता के प्रभाव, पारंपरिक पारिवारिक संरचना में हो रहे परिवर्तनों तथा पारिवारिक सदस्यों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों में आए बदलावों का गहन समाजशास्त्रीय अध्ययन प्रस्तुत करेगी। इस शोध परियोजना के लिए कुल पंद्रह लाख दस हजार रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। परियोजना की स्वीकृत अवधि चौबीस महीने है। यह अध्ययन विशेष रूप से यह विश्लेषण करेगा कि शहरीकरण, औद्योगीकरण, शिक्षा के विस्तार, रोजगार के बदलते स्वरूप तथा आधुनिक जीवनशैली ने संयुक्त परिवारों की संरचना, पारिवारिक संबंधों और निर्णय प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावित किया है। साथ ही, भारतीय समाज में परिवार संस्था के समकालीन स्वरूप को समझना इस शोध परियोजना की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में माना जाएगा। डॉ0 उपाध्याय, बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद से पोस्ट डॉक्टरल की उपाधि प्राप्त की है। उनके 25 से अधिक शोध पत्र देश और विदेश की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने डॉ. मानस उपाध्याय को शुभकामनाएँ दी।



शिक्षक को स्वीकृति पत्र प्रदान करते कुलपति।

रिसर्च अवॉर्ड एवं इंसेंटिव नीति लागू



सीएसजेएमयू ने एआई फॉर साइंस, एआई फॉर सोशल साइंस, एआई फॉर कॉमर्स, एआई फॉर आल वोकेशनल कोर्स समेत कोर्स शुरू किए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों और प्रकाशनों के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक नई 'रिसर्च अवॉर्ड एवं इंसेंटिव नीति' लागू की गई है। -प्रो. विनय कुमार पाठक, कुलपति, सीएसजेएमयू

CSJMU के दो साइंटिस्ट को मिला ग्लोबल सम्मान

kanpur@inext.co.in

KANPUR (21 Sept): सीएसजेएमयू के दो साइंटिस्ट लाइफ साइंस डिपार्टमेंट के डॉ. राकेश कुमार शर्मा एवं एसएन सेन कॉलेज की डॉ. समीक्षा कुमार सिंह को एल्सेवियर, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने साल 2025 में प्रकाशित ग्लोबल लिस्ट में वर्ल्ड के बेस्ट दो परसेंट साइंटिस्ट में स्थान प्राप्त हुआ है.यह लिस्ट इंटरनेशनल लेवल पर साइंटिस्ट के रिसर्च वर्क की क्वालिटी एवं उनके ग्लोबल इम्पैक्ट के आधार पर जारी की जाती है. इस साल प्रकाशित लिस्ट में सीएसजेएमयू से केवल दो नाम सम्मिलित हुए हैं

मिला ग्लोबल लेवल पर सम्मान

लाइफ साइंस के डॉ. राकेश शर्मा की रैंकिंग में इस साल बहुत सुधार हुआ है. 2024 में वह 1125वें स्थान पर थे, 2025 की लिस्ट में उनका स्थान 783वां है. उनका रिसर्च क्षेत्र लिग्नोसेल्युलोसिक बायोमास कन्वर्जन, माइक्रोबियल फ्यूल सेल्स तथा प्रोबायोटिक्स आधारित समाधान पर केंद्रित है. डॉ. शर्मा ने कहा यह उपलब्धि वाइस चांसलर के मार्गदर्शन, सहयोगियों और स्टूडेंट्स के सहयोग का परिणाम है. मैं भविष्य में भी क्वालिटी रिसर्च पर काम करूंगा.



डॉ. राकेश कुमार शर्मा.



डॉ. समीक्षा कुमार सिंह.

वहीं डॉ. समीक्षा को इस लिस्ट में दो कैटेगरी में स्थान मिला है.उनका रिसर्च कार्य बॉटनी के क्षेत्र में उल्लेखनीय है. डॉ. सिंह ने कहा यह सम्मान मेरे रिसर्च प्रयासों को मिली इंटरनेशनल मान्यता है. मैं इसे अपने स्टूडेंट्स, सहयोगियों और संस्थान के सहयोग का परिणाम मानती हूं.

रिसर्च पेपर की चुनौतियों को दूर करेगी स्पेशल कमेटी

कमेटी में होंगे पांच मेंबर, वीसी करेंगे कमेटी को लीड



KANPUR (24 Dec): सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल ने रिसर्च पब्लिकेशन से जुड़ी समस्या का समाधान निकालने के लिये एक कमेटी का गठन किया है. कमेटी रिसर्च पेपर पब्लिकेशन में आ रही चुनौतियों और प्रैक्टिकल प्रॉब्लम को दूर कर समाधान करेगी. रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की डीन डॉ. नमिता तिवारी ने बताया कि इस समय मार्केट में क्लोन जर्नल प्रतिष्ठित रिसर्च की नकली, धोखेबाज कॉपी होती हैं. जो असली जर्नल का नाम और वेबसाइट डिजाइन चुराकर रिसर्चर को फंसाती हैं. जिसमें खई बार स्टूडेंट्स फंस जाते हैं और अपनी आर्थेटिक रिसर्च को पब्लिश कराने के लिए पैसे दे देते हैं. यूनिवर्सिटी में 400 रिसर्च स्टूडेंट हैं और हम नहीं चाहते कि किसी भी स्टूडेंट को ये प्राब्लम फेस करनी पड़े. इस स्पेशल कमेटी के लिए पांच मेंबर्स को सिलेक्ट किया गया है. कमेटी को वाइस चांसलर विनय कुमार पाठक लीड करेंगे.

स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग भी दी जा रही

रिसर्चर एवं टीचर्स के लिए पब्लिकेशन सपोर्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम भी आयोजित किये जा रहे हैं. इन ट्रेनिंग सेशन में एप्रोप्रियेट जर्नल का सिलेक्शन, एकेडमिक राइटिंग की तकनीक, रिसर्च एथिक्स तथा रिसर्च की क्वालिटी में सुधार जैसे टापिक्स पर ट्रेनिंग दी जाएगी. डीन डॉ. नमिता तिवारी ने बताया कि इसका उद्देश्य सभी सबजेक्ट में संतुलन बनाए रखते हुए रिसर्च की क्वालिटी को निरंतर बेहतर बनाना है.

एआइ आधारित शोध के लिए मिलेंगे दस लाख

जासं, कानपुर: सीएसजेएमयू ने कैम-एआइ रिसर्च प्रोजेक्ट्स स्कीम की शुरुआत की है। योजना के तहत शिक्षकों को एआइ, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के माध्यम से प्रैक्टिकल प्रोडक्ट्स और प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए फंड दिया जाएगा। इसमें मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट्स के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये (12 माह) और माइनर प्रोजेक्ट्स के लिए 5 लाख रुपये (6 माह) तक की फंडिंग दी जाएगी। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि चयनित प्रोजेक्ट में कम से कम एक कार्यशील एआइ प्रोडक्ट या प्रोटोटाइप, जैसे मोबाइल या वेब एप, चैटबाट, डैशबोर्ड या विकसित करना अनिवार्य होगा।

एआइ आधारित शोध के लिए मिलेंगे दस लाख

जासं, कानपुर: सीएसजेएमयू ने कैम-एआइ रिसर्च प्रोजेक्ट्स स्कीम की शुरुआत की है। योजना के तहत शिक्षकों को एआइ, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के माध्यम से प्रैक्टिकल प्रोडक्ट्स और प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए फंड दिया जाएगा। इसमें मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट्स के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये (12 माह) और माइनर प्रोजेक्ट्स के लिए 5 लाख रुपये (6 माह) तक की फंडिंग दी जाएगी। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि चयनित प्रोजेक्ट में कम से कम एक कार्यशील एआइ प्रोडक्ट या प्रोटोटाइप, जैसे मोबाइल या वेब एप, चैटबाट, डैशबोर्ड या विकसित करना अनिवार्य होगा।

क्वांटम युग में साइबर सुरक्षा को खतरा, शोध में सामने आई खामियां

अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित होने के लिए चयनित हुआ अध्ययन



डिजिटल बैंकिंग ने बदल दिए तौर तरीके

KANPUR: सीएसजेएमयू में पीएचडी स्टूडेंट की रिसर्च में सामने आया है कि डिजिटल बैंकिंग ने कस्टमर्स के बैंक से जुड़ने के तरीके को तेजी से बदल दिया है.यह रिसर्च इकोनॉमिक डिपार्टमेंट के रिसर्च के स्टूडेंट रजत दीक्षित ने कानपुर नगर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कस्टमर पर आधारित है. स्टडी में पाया गया कि मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सिस्टम के बढ़ते उपयोग से लेन-देन अधिक तेज, सरल और सुविधाजनक हुआ है.

एआई बेस्ड रिसर्च के लिए टीचर्स को मिलेंगे दस लाख

KANPUR (24 March): सीएसजेएमयू ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कैम-एआई रिसर्च प्रोजेक्ट्स स्कीम की शुरुआत की है. इस योजना का उद्देश्य रिसर्च कार्यों को केवल रिसर्च स्टडी तक सीमित न रखकर, उन्हें वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में उपयोग करना है. योजना के तहत टीचर्स को एआई, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के माध्यम से प्रैक्टिकल प्रोडक्ट्स और प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए फंड दिया जाएगा. इसमें मेजर रिसर्च प्रोजेक्ट्स के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये (12 माह) और माइनर प्रोजेक्ट्स के लिए 5 लाख रुपये (6 माह) तक की फंडिंग दी जाएगी. वीसी प्रो. विनय कुमार पाठक ने बताया कि चयनित प्रोजेक्ट में कम से कम एक एआई प्रोडक्ट या प्रोटोटाइप, जैसे मोबाइल या वेब एप, चैटबाट, डैशबोर्ड या आईओटी आधारित सिस्टम विकसित करना अनिवार्य होगा. प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल है.

स्टूडेंट्स, रिसर्चर्स और टीचर्स की 24 घंटे हेल्प करेगा 'व्यासा'

PIC: CONCEPT PIC



CSJMU में रिसर्च इंटेलीजेंस असिस्टेंट 'व्यासा' लांच

kanpur@inext.co.in

KANPUR (4 June): सीएसजेएम यूनिवर्सिटी ने रिसर्च और पीएचडी एंट्रेंस प्रोसेस को तकनीक से जोड़ते हुए एआई बेस्ड रिसर्च इंटेलीजेंस असिस्टेंट 'व्यासा' (विद्या, यश, स्कालर एनालिटिक्स) लांच किया है. मैनेजमेंट का कहना है कि यह प्लेटफार्म रिसर्चर्स, पीएचडी कैंडीडेट्स और टीचर्स को रिसर्च और एंट्रेंस से जुड़ी जानकारी 24 घंटे उपलब्ध कराएगा.

जवाब के साथ पेज नंबर का रेफरेंस भी

यूनिवर्सिटी की डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ.नमिता तिवारी की देखरेख में इस चैटबाट को तैयार किया गया है. इसके माध्यम से स्टूडेंट्स पीएचडी एंट्रेंस, इलिजिबिलिटी, एंट्रेंस एग्जाम, फीस, एसेंशियल डॉक्यूमेंट्स, शोध नियमावली और नवीनतम अध्यादेश से जुड़े सवालों के उत्तर तत्काल प्राप्त कर सकेंगे. इसकी खास बात यह है कि व्यासा केवल यूनिवर्सिटी के आधिकारिक दस्तावेजों, और पीएचडी एंट्रेंस बुकलेट पर आधारित जानकारी ही उपलब्ध कराएगा. प्रत्येक उत्तर के साथ संबंधित दस्तावेज और पेज नंबर का रेफरेंस भी दिया जाएगा, जिससे सूचना की प्रमाणिकता बनी रहेगी.

स्टूडेंट्स सर्विस बेहतर

डॉ. नमिता ने बताया कि इससे प्रवेश प्रक्रिया और छात्र सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी. उन्होंने बताया कि भविष्य में व्यासा को विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ से जोड़ा जाएगा. इसके बाद रिसर्च स्कॉलर को यूनिवर्सिटी के रिसर्च पेपर्स, पेटेंट, विभागवार उपलब्धियों और शोध आंकड़ों की जानकारी भी संवादात्मक रूप में प्राप्त कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि व्यासा केवल एक चैटबाट नहीं, बल्कि यूनिवर्सिटी में एआई आधारित शोध पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है.

एनालिटिक्स डैशबोर्ड

डॉ. नमिता के मुताबिक कि यह प्रणाली पारंपरिक चैटबाट से अलग है और 'डाक्यूमेंट-ग्राउंडेड एआई' तकनीक पर आधारित है. इससे गलत या भ्रामक जानकारी मिलने की आशंका काफी कम हो जाती है. स्टूडेंट्स को ऑफिसेस के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी और उन्हें हर समय डिजिटल सहायता मिल सकेगी. व्यासा में एक स्पेशल एनालिटिक्स डैशबोर्ड भी जोड़ा है, जिसके जरिए प्रबंधन यह समझ सकेगा कि स्टूडेंट्स को किन सब्जेक्ट्स पर सबसे ज्यादा जानकारी चाहिए.

बैंकिंग में तकनीक के प्रयोग में युवा आगे

सीएसजेएमयू के शोध का दावा, 35 साल तक के लोग यूपीआइ का कर रहे अधिक प्रयोग

जागरण संवाददाता, कानपुर : बैंकिंग सेक्टर में आई डिजिटल क्रांति को युवाओं ने आसानी से अपना लिया, पर बुजुर्ग अब भी बैंकिंग सेक्टर की पुरानी प्रणाली को अब भी रोजमर्रा के कामों में तरजीह देते हैं। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में हुए शोध में सामने आया है कि 30 से 45 साल के युवा आनलाइन बैंकिंग और यूपीआइ के प्रयोग को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, 45 साल के ऊपर के लोग अभी भी पुरानी बैंकिंग सेवा को ही बेहतर मान रहे हैं। शोध में पाया गया अब बैंकों के ब्रांच में ग्राहकों के आने की संख्या में गिरावट हुई हैं। विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी रजत दीक्षित ने शोध किया है, जिसमें दावा किया गया है कि डिजिटल बैंकिंग ने ग्राहकों के बैंक से जुड़ने के तरीके को तेजी से बदल दिया है।



रजत दीक्षित, शोध छात्र, सीएसजेएमयू। स्वयं

शोध में सामने आया निष्कर्ष

आनलाइन सेवा को लेकर मत

- संतुष्ट ग्राहक- 350 (70 प्रतिशत)
- तटस्थ ग्राहक 100 (20 प्रतिशत)
- असंतुष्ट ग्राहक 50 (10 प्रतिशत)

नोट : एसबीआइ की स्वरूप नगर, बिठूर पनकी, सिविल लाइंस व कल्याणपुर शाखा के 500 ग्राहकों का विश्लेषण

यूपीआइ और मोबाइल बैंकिंग सबसे अधिक उपयोग हो रहा

बैंकिंग सेवा	उपयोग
यूपीआइ	65 प्रतिशत
मोबाइल बैंकिंग ऐप	55 प्रतिशत
इंटरनेट बैंकिंग	30 प्रतिशत
एटीएम	25 प्रतिशत

रजत दीक्षित मौजूदा समय में केंद्र सरकार की सेवा में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि साल 2022 में उन्होंने डा. पीएस त्रिपाठी के नेतृत्व में शोध शुरू किया था। उन्होंने अपने शोध के दौरान शहर के स्टेट बैंक आफ इंडिया की पांच शाखाओं बिठूर, पनकी, कल्याणपुर, स्वरूप नगर और सिविल लाइंस ब्रांच के विभिन्न उम्र के पांच सौ ग्राहकों और 50 कर्मचारियों शामिल किया। शोध में बैंकिंग सेक्टर में हुए बदलाव और डिजिटल सिस्टम के प्रयोग और जानकारी को लेकर सवाल पूछे गए थे। इसके बाद पूरे डाटा का परीक्षण किया गया तो पाया गया है कि बीते कुछ सालों में बैंक आने वाले ग्राहकों की संख्या में कमी आई है। मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल भुगतान प्रणालियों के बढ़ते उपयोग से लेन-देन सरल और सुविधाजनक हुआ है, जिससे ग्राहकों की शाखाओं पर निर्भरता कम हुई है।

सीएसजेएमयू में शुरू हुई पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया, 52 विषयों में 880 सीटों पर होंगे प्रवेश

संवाददाता/डीटीएनएन, कानपुर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। इस वर्ष विश्वविद्यालय में 52 विषयों में कुल 880 शोध सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनमें 231 सीटें विश्वविद्यालय परिसर और 649 सीटें संबद्ध महाविद्यालयों के लिए निर्धारित की गई हैं। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नमिता तिवारी ने बताया कि मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी, फिजियोथेरेपी, फार्मेसी और कृषि विषयों में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर प्रवेश होगा, जबकि शेष 48 विषयों में नेट मेरिट के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंदी में 77, शिक्षक शिक्षा में 68, भौतिक विज्ञान में 50, प्राणी विज्ञान में 44, अंग्रेजी में 40, गणित में 38, वनस्पति विज्ञान में 37, राजनीति विज्ञान में 39, भूगोल में 28, समाजशास्त्र में 26 तथा इतिहास, मनोविज्ञान और डिफेंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज में 22-22 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा इंजीनियरिंग, जैव प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वाणिज्य, कृषि और लाइफ साइंसेज जैसे उभरते क्षेत्रों में भी शोध के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।



डॉ नमिता तिवारी, डीन, रिसर्च × डेवलोपमेन्ट, सीएसजेएमयू

कुलाधिपति एवं राज्यपाल के निर्देश तथा कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में इस बार पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को अधिक शोध उन्मुख, लचीला, तकनीक आधारित और उद्योग-अकादमिक सहयोग से जोड़ने की दिशा में कई नई पहल की गई हैं। विश्वविद्यालय ने पहली बार लगभग 10 प्रतिशत सीटें वर्किंग प्रोफेशनल्स और इंडस्ट्री प्रायोजित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित करने का प्रस्ताव रखा है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार पार्ट टाइम पीएचडी को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा, जिससे उद्योगों और विभिन्न संस्थानों में कार्यरत अनुभवी पेशेवर अपने व्यावहारिक अनुभव को अकादमिक शोध से जोड़ सकेंगे। साथ ही उद्योगों और शोध संस्थानों के सहयोग से इंडस्ट्री स्पॉन्सर्ड रिसर्च को भी बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि शोध को वास्तविक समस्याओं और तकनीकी नवाचारों से जोड़ा जा सके।

हाइब्रिड मोड में होगा कोर्स वर्क

कार्यरत अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोर्स वर्क को हाइब्रिड मोड में संचालित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जबकि परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया ऑफलाइन मोड में होगी। यह व्यवस्था यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लागू की जाएगी।

विश्वविद्यालय के शिक्षक भी कर सकेंगे पार्ट टाइम पीएचडी

इस वर्ष विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत शिक्षकों एवं अकादमिक कर्मियों के लिए विशेष कैंपस फैकल्टी पार्ट टाइम पीएचडी योजना भी प्रस्तावित की गई है। इसके अंतर्गत चयन रिसर्च प्रपोजल, शैक्षणिक उपलब्धियों और साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय का मानना है कि इससे शोध संस्कृति को मजबूती मिलेगी और गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशनों को बढ़ावा मिलेगा।

'व्यास एआई असिस्टेंट' देगा 24 घंटे सहायता

पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और अभ्यर्थी केंद्रित बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने 卐व्यास एआई असिस्टेंट卐 विकसित किया है। यह डिजिटल सहायक विश्वविद्यालय की रिसर्च वेबसाइट से जुड़ा होगा और अभ्यर्थियों को पीएचडी प्रवेश, पात्रता, कोर्स वर्क, शोध नियमावली और अध्यादेशों से जुड़ी जानकारी तुरंत उपलब्ध कराएगा। विश्वविद्यालय के अनुसार व्यास एआई असिस्टेंट केवल विश्वविद्यालय के आधिकारिक दस्तावेजों और सत्यापित अभिलेखों पर आधारित जानकारी ही उपलब्ध कराएगा, जिससे अभ्यर्थियों को सही और अद्यतन जानकारी मिल सकेगी तथा शोधार्थियों को चौबीसों घंटे डिजिटल सहायता प्राप्त होगी।

एआई की ट्रेनिंग के लिए कदम बढ़ा रहे कई विषयों के शिक्षक

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब केवल कंप्यूटर साइंस या इंजीनियरिंग तक सीमित नहीं है। सीएसजेएमयू में सोमवार से शुरू हुए एआई बूटकैंप के साथ फार्मेसी, लाइफ साइंस, बायोटेक्नोलॉजी और अन्य विषयों के शिक्षक भी एआई प्रशिक्षक बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।

यह बूटकैंप 30 जनवरी तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन दोपहर दो से शाम पांच बजे तक प्रशिक्षण सत्र होंगे। विश्वविद्यालय में स्थापित सुपर कंप्यूटर लैब से ही एआई एक्सपर्ट तैयार किए जा रहे हैं। यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक महाविद्यालयों के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। इसमें केवल इंजीनियरिंग या गणित विज्ञान के नहीं बल्कि किसी भी विषय के शिक्षक हिस्सा ले सकते हैं। सुपर कंप्यूटर लैब की उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग सुविधा के कारण शिक्षक और छात्र बड़े डेटा सेट पर काम कर सकेंगे, जटिल एआई मॉडल तैयार कर सकेंगे और रियल-टाइम सिमुलेशन का अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

इसके माध्यम से शिक्षक अपने शोध प्रोजेक्ट्स को नई गति दे सकेंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध कार्यों से जुड़ पाएंगे। कार्यक्रम का संचालन ग्लोबल इन्फो वेंचर्स प्रा. लि. के एनवीडिया प्रमाणित प्रशिक्षकों की ओर से किया जा रहा है। कोर्स समन्वयक ने बताया कि एआई को समझ विकसित होने से शिक्षक अपने विषय की पढ़ाई को अधिक व्यावहारिक, शोध-आधारित और उद्योग से जुड़े तरीके से प्रस्तुत कर सकेंगे। शिक्षक एआई को पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली और शोध कार्यों में शामिल कर शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगे।

डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रहे शोध : प्रो. सच्चिदानंद

कानपुर। सीएसजेएमयू के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ ने राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए शोध विषय पर एक दिवसीय अकादमिक कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि आईआईटी कानपुर के कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी के डीन प्रो. सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि शोध केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शोध समाधान-उन्मुख, सामाजिक रूप से उत्तरदायी और नीति-प्रासंगिक होना चाहिए। डीन अनुसंधान एवं विकास डॉ. नमिता तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय एक मजबूत और जीवंत शोध संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। (ब्यूरो)

दैनिक भास्कर कानपुर सिटी 03-06-2026

योजना • 231 सीटें विवि परिसर और 649 सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए

पीएचडी की 880 सीटों पर एडमिशन शुरू, पहली बार वर्किंग प्रोफेशनल के लिए 10 % सीटें रिजर्व

भास्कर न्यूज़ | कानपुर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) ने एकेडमिक सेशन 2026-27 के लिए पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने की घोषणा की है। इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा 52 विषयों में कुल 880 शोध सीटें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें 231 सीटें विश्वविद्यालय परिसर और 649 सीटें सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए हैं। डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ नमिता तिवारी ने बताया कि मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी, फिजियोथेरेपी, फार्मेसी और एग्जीकल्चर विषयों में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट और शेष 48 विषयों में प्रवेश नेट (नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) की मेरिट के अनुसार होगा।



व्यास एआई असिस्टेंट दूर करेगा समस्याएं

पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुगम एवं अभ्यर्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में व्यास एआई असिस्टेंट विकसित किया गया है, जिसे विश्वविद्यालय की रिसर्च वेबसाइट के साथ एकीकृत किया गया है। यह AI आधारित डिजिटल सहायक अभ्यर्थियों को एडमिशन संबंधी सही जानकारी देगा। इसके अलावा संबंधित प्रश्नों के त्वरित एवं सटीक उत्तर उपलब्ध कराएगा।

विश्वविद्यालय कैंपस के शिक्षकों के लिए अलग स्कीम

पहली बार विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत शिक्षकों एवं अकादमिक कर्मियों के लिए एक विशेष कैंपस फैकल्टी पार्ट टाइम पीएचडी स्कीम प्रस्तावित की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयन का आधार रिसर्च प्रपोजल, एकेडमिक क्रेडेंशियल और इंटरव्यू परफर्मेंस के आधार पर किया जाएगा।

हाइब्रिड मोड में होगा कोर्स वर्क : विश्वविद्यालय ने पहली बार पार्ट टाइम पीएचडी एडमिशन को विशेष प्रोत्साहन देते हुए लगभग 10 प्रतिशत सीटें वर्किंग प्रोफेशनल्स और इंडस्ट्री स्पॉन्सर्ड कैंडीडेट के लिए प्रस्तावित की हैं। कार्यरत अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोर्स वर्क को हाइब्रिड मोड में संचालित करने का प्रस्ताव रखा गया है। जबकि एग्जाम और इन्फ्लुएंशन प्रक्रियाएं नियमानुसार ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी। यह व्यवस्था यूजीसी के प्रावधानों तथा अध्यापक रिजर्वेशियल रिक्वायरमेंट के अनुरूप होगी।

www.dtstar.in
We Are INDIA'S NO. 1 Digital Newspaper
डिजिटल दुनिया में सबसे तेज
Download DT Star app in
GET IT ON Google Play
Easy & FREE ACESS!
Now access Dinar Times ePaper For FREE! Whatsapp 92195 22349 Send Messege Type ED
www.dtstar.in | Dinar Times | @dinar_times | dinartimesnews | +91 92195 22349 | YouTube Dinar Tim

URDC TEAM



Dr. Namita Tiwari
Dean,
R & D Cell



Dr. Shweta Pandey
Assoc. Dean,
R & D Cell



Dr. Arun Gupta
Assoc. Dean,
R & D Cell



Dr. Manas Upadhyay
Assoc. Dean,
R & D Cell



Dr. Pooja Singh
Asst. Dean,
R & D Cell



Dr. Priyanka Maurya
Asst. Dean,
R & D Cell



Dr. Dipesh Kumar Verma
Asst. Dean, R & D Cell



Dr. Adarsh Kumar Srivastav
Asst. Dean, R & D Cell



Dr. Jyoti Nanda Sharma
Asst. Dean, R & D Cell



Dr. Samiuddin
Asst. Dean,
R & D Cell



Dr. Priyanka Gupta
Asst. Dean,
R & D Cell



Dr. Pravin Kumar Agrawal
Asst. Dean, R & D Cell



Dr. Ankit Trivedi
Asst. Dean,
R & D Cell



Dr. Anjani Kumar Upadhyay
Asst. Dean, R & D Cell

"If I have seen further, it is by standing on the shoulders of giants."

Isaac Newton

[Newton wrote this in a letter to Robert Hooke in 1675].



DESIGNED BY :TANISHA WADHAWAN (ASSISTANT PROF.) FINE ARTS DEPARTMENT, CSJMU

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर

Website: https://csjmu.ac.in/csjmu-research/

Email: research@csjmu.ac.in

https://www.facebook.com/csjmuofficial
https://www.youtube.com/@csjmuofficial
https://alumni.csjmu.ac.in/

https://x.com/csjmuofficial
https://www.instagram.com/csjmuofficial/#
https://csjmu.ac.in/geotagging/colleges-geotagging.php